# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in
Email ID – fo@msuniversity.ac.in

पंत्राक : 409 / वित्त / एम0एस0यू0 / 2023–24
दिनांक : 13-12-2023

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा की गई शुल्क वृद्धि के विरोध में विभिन्न स्थानीय जनप्रतिनिधियों, छात्र प्रतिनिधियों एवं महाविद्यालयों से प्राप्त प्रत्यावेदनों का संज्ञान लेते हुए मा0 कुलपति जी द्वारा पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया गया था। समिति ने दिनांक 12.12.2023 को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्तावित किया कि विश्वविद्यालय द्वारा वित्त समिति तथा मा0 कार्यपरिषद द्वारा पारित शुल्क वृद्धि का प्रस्ताव जो शासन को प्रेषित करते हुए सत्र 2023–24 से लागू किया गया है, उसे तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया जाय तथा सत्र 2023–24 में वही शुल्क संरचना लागू कर दी जाय जो चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में प्रचलित है। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में भविष्य में शुल्क संरचना का पुनरीक्षण सभी हित धारकों का पक्ष सुनने के बाद दुबारा वित्त समिति, मा0 कार्यपरिषद व शासन की अनुमति से व्यापक विचार विमर्श से नियमानुसार किया जायगा। मा0 कुलपति जी द्वारा समिति की संस्तुति को स्वीकार कर लिया गया है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान शैक्षिक सत्र 2023–24 में पैतृक विश्वविद्यालय चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में लागू परीक्षा शुल्क व अन्य शुल्क संरचना माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर में लागू कर दी गई है।

13.12.23
वित अधिकारी

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. प्राचार्य/प्राचार्या समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
3. कुलसचिव।
4. परीक्षा नियन्त्रक।
5. उपकुलसचिव।
6. समस्त संपादक, समस्त सामाचार पत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उपर्युक्त आदेश/विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

वित अधिकारी